दान करो दिल खोल के

दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के,
माया को जोड़के, माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

यह माया मैंने बेटों को जोड़ी,
तीन दी सर फोड़के क्या करोगे माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

यह माया मैंने बहुओ को जोड़ी,
छीन ली चाबी छीन के क्या करोगे माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

यह माया मैंने बेटी को जोड़ी,
चली गई दिल तोड़के क्या करोगे माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

यह माया मैंने पोते को जोड़ी,
छीन लई टांगे तोड़के क्या करोगे माया को जोड़के,
लूटा रहे दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

यह माया मैंने खुद को जोड़ी,
ले गए चोर ताला तोड़कर क्या करोगे माया को जोड़के,
दान करो दिल खोल के क्या करोगे माया को जोड़के....

धर्मराज का आया रे बुलावा,
चली गई सब छोड़ करके क्या करोगे माया को जोड़के,
चली गई नाता तोड़ के क्या करोगे माया को जोड़के.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27688/title/daan-karo-dil-khol-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |